संख्या डिस–1 / प0व नि0 अनु0 / 2007/ 499
(भा.वा.अ.शि.प. –वन अनुसंधान संस्थान)
डाकघर–न्यू फॉरेस्ट, देहरादून।

दिनांक : 13 नवम्बर, 2024

परिपत्र

वन अनुसंधान संस्थान, न्यू फॉरेस्ट परिसर में रह रहे निवासियों एवं भ्रमणकर्ताओं को समय–समय पर विभिन्न माध्यमों से तेंदुए से सतर्क रहने एवं सावधानियां बरतने हेतु निर्देश दिये जाते रहे हैं। दिनांक 06.11.2024 व 07.11.2024 को संस्थान परिसर में जैव प्रौद्योगिकी शाखा (आनु. एवं वृक्ष सुधार शाखा) के कर्मचारियों द्वारा तेंदुआ दिखाई दिया, उसके दो दिन पहले ही कुत्ते को तेंदुए द्वारा शिकार किया गया। सभी प्रातः एवं सांय भ्रमणकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि सुबह 6:30 बजे से पहले व शाम को 6 बजे के पश्चात परिसर के जंगल के रोड़ों पर विचरण न करें ।

अतः आवश्यक हो जाता है कि कोई अनहोनी घटना न हो उसके लिए समुचित सावधानी बरती जाए।

आपको आगाह किया जाता है कि :–

1. सुनसान सड़क पर अकेले विचरण न करें।
2. सूर्योदय के पूर्व एवं सूर्य अस्त के उपरान्त परिसर में न घूमें।
3. रात्रि के समय घर से बाहर निकलने से पूर्व समुचित प्रकाश का प्रबन्ध करके ही बाहर निकलें। और अपने घरों के आस–पास समुचित प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
4. छोटे बच्चो को अकेला, बिना निगरानी, अपने से दूर न जाने दें।
5. परिसर में घूमने वाले तथा भ्रमणकत्ताओं को आगाह किया जाता है कि तेंदुए के इलाके क्षेत्र में विचरण करने से बचें। आरक्षित वन क्षेत्र में Barrier Cross में न जाएं। केवल Main Building के आस–पास ही भ्रमण करें।
6. तेन्दुआ नजर आने पर कन्ट्रोल रूम/रेंज कार्यालय को सूचित करें।
7. हॉस्टल में रह रहे विद्यार्थियों/शोधकत्ताओं को आगाह किया जाता है कि वे रात्रि के समय संस्थान में विचरण न करें और समय पर अपने छात्रावास में उपस्थित हो जाएं।
8. आगन्तुक एवं भ्रमणकत्ताओं को वन क्षेत्र के Barrier Cross करना सख्त मना है।

(कन्ट्रोल रूम: टेलीफोन न0 0135–222–4300 /0135–4418)

13/11/24

कुलसचिव,
वन अनुसंधान संस्थान,
देहरादून।